# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–10 जुलाई 2025 सान्ध्य समाचार

प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में श्रीरामकथा के विश्राम सत्र और गुरु पूर्णिमा महोत्सव में हिस्सा लिया। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में चार जुलाई से ही गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में श्रीरामकथा चल रही थी।

श्रीरामकथा के विश्राम सत्र और गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित महोत्सव के दौरान अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया भी कहते थे कि भारत में जब तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लीला पुरुषोत्तम मुरलीधर भगवान श्रीकृष्ण और देवों के देव भगवान शंकर की पूजा होती रहेगी तब तक दुनिया में कोई भी देश की एकता को प्रभावित नहीं कर पाएगा।

**उनसे जब पूछा गया कि लोहिया जी ये बताइये भारत कब तक एक रहेगा और क्या भारत एक रह पाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रश्न भारत पे तो नहीं उठने चाहिए। लोगों ने कहा कि दुनिया यही बोल रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया अभी भारत को नहीं समझ पाई है। जब तक भारत के अंदर राम, कृष्ण और भगवान शंकर की पूजा होती रहेगी तब तक भारत का कोई बाल बांका नहीं कर पाएगा।**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा पर ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ के चित्र पर पुष्प अर्पित किये तथा व्यासपीठ का पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर प्रवास के दौरान आज सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब दो सौ लोगों से मिल कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित तथा संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।

**********

गुरु पूर्णिमा का पर्व आज पूरे प्रदेश में पारम्परिक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने पवित्र नदियों में स्नान कर के पूजा अर्चना की। गुरु पूर्णिमा पर आज मिर्जापुर जिले के विभिन्न आश्रमों में गुरु के दर्शन पूजन के लिए शिष्यों की भारी भीड़ देखी गई। वाराणसी जिले में मुस्लिम महिलाओं ने पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु बालक देवाचार्य की आरती उतारी और तिलक लगा कर स्वागत सम्मान किया। भगवान राम की नगरी अयोध्या में गुरु पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान किया और मंदिरों में पूजा अर्चना करने के बाद अपने अपने गुरुओं की वंदना की। कुशीनगर जिले में भी गुरु पूर्णिमा को पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। बौद्ध धर्म में आषाढ़ी पूर्णिमा के नाम से प्रसिद्ध गुरु पूर्णिमा के मौके पर बौद्ध भिक्षुओं ने महापरिनिर्वाण मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर के विश्व कल्याण एवं शांति की कामना की।

**********

प्रदेश में कल से पवित्र सावन माह की शुरूआत हो रही है। इसे देखते हुए शिवालयों और कावड़ मार्गों पर आज तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कावड़ यात्रा को देखते हुए प्रदेश के कई जिलों में यातायात डाइवर्जन लागू किया गया है। प्रदेश के शाहजहांपुर और अमरोहा सहित कई पश्चिमी जिलों में कावड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा और साफ सफाई के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज वाराणसी जिले में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 24 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सभी को निर्देश दिया गया है कि अधिक से अधिक पात्र लोगों का नाम वोटर लिस्ट से जोड़ा जाए। साथ ही वोटर लिस्ट को शत प्रतिशत ठीक करवाने के बारे में विशेष तौर से चर्चा हुई। बैठक में चुनाव से जुड़े अधिकारी भी शामिल रहे।

**********

जौनपुर जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के समाघगंज भवानीपुर मोड़ पर कल रात एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक बाइक और ऑटो आमने सामने से टकरा गए।

**********

प्रदेश के गोरखपुर सहित कई पूर्वी जिलों में आज दिन भर रुक रुक कर बादल छाए रहने के कारण पूरे दिन उमस महसूस की गई। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार इस अंचल के साथ साथ पश्चिमी जिलों में भी बारह जुलाई तक कहीं कहीं भारी बारिश और बिजली गिरने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के भीतर प्रयागराज और बुंदेलखंड मंडल के जिलों में भी भारी बारिश हो सकती है।

***जैसा कि एक ट्रफलाईन उत्तर प्रदेश के साउथ से पास हो रहा है साथ ही में झारखण्ड के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। जिसके वजह से जो साउथ का रिजन है जैसे कि प्रयागराज डिविजन, बुंदेलखण्ड डिवीजन में भारी वर्षा की संभावना है।***

मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने तीन दिन बाद प्रदेश के मध्य और तराई क्षेत्रों में भी वर्षा की संभावना जताई है।

**********